हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 24 अप्रैल 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार : -

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नीति आयोग भारत की नीति निर्माण संरचना का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है...

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में अगले सप्ताह से सभी किसानों को वाट्स एप के माध्यम से क्यू आर कोड आधारित जे फार्म भेजने और किसान ऐप जारी करने की घोषणा की है

- मुख्यमंत्री ने कहा कि गेहूं की आवक ने चार साल के रिकॉर्ड तोड़े, विपक्ष गेहूं की खरीद को लेकर दुष्प्रचार कर रहा है

- भारत के मुख्य न्यायाधीष न्यायमूर्ति सूर्यकांत व हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में 500 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की

- न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग न्यायाधीशों द्वारा फैसले देने में नहीं किया जा रहा...

- देश के विभिन्न हिस्सों में गर्मी का प्रकोप बढ़ा, मौसम विभाग ने गर्मी ने निपटने के लिए परामर्श जारी किए...

===========

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नीति आयोग भारत की नीति-निर्माण संरचना का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है। यह सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने, सुधारों को आगे बढ़ाने और जीवन को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नीति आयोग विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और दीर्घकालिक रणनीतिक सोच के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है।

--------------------

नीति आयोग के नव नियुक्त उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान श्री मोदी ने श्री लाहिड़ी को उनकी नियुक्ति पर शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अर्थशास्त्र और लोक नीति में श्री लाहिड़ी का व्यापक अनुभव भारत के सुधार और विकसित भारत बनने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा। श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री लाहिड़ी के प्रयासों से देश में नीति-निर्माण को नई ऊर्जा मिलेगी।

============

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में अगले सप्ताह से सभी किसानों को व्हाट्सएप के माध्यम से क्यूआर कोड आधारित जे-फॉर्म भेजे जाएंगे, ताकि किसानों को ऋण सहित अन्य प्रकार की सुविधा लेने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले सीजन से किसान एप भी लॉन्च किया जाएगा, जिसमें किसानों को जे-फॉर्म, भुगतान की स्थिति, भूमि बुवाई एवं उपज सत्यापन की स्थिति, गेट पास सूचीकरण, भूमि सत्यापन की स्थिति तथा सभी सूचनाएं 'किसान ई-खरीद एप' में उपलब्ध होंगी। जिससे खरीद कार्य में किसी प्रकार की देरी नहीं होगी।

विपक्ष पर गेहूं की खरीद को लेकर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने प्रदेश में अब तक हुई गेहूं खरीद का ब्यौरा दिया।

उन्होंने कहा कि गेहूं की आवक ने पिछले चार साल के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सरकार ने खरीद प्रबंधों को लेकर पुख्ता इंतजाम किए है , जिसके चलते प्रदेश में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है और किसानों को समय पर भुगतान भी किया जा रहा है।

==========

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज भिवानी के चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष व शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा भी उनके साथ मौजूद रहे।

दीक्षांत समारोह में न्यायमूर्ति सूर्यकांत व हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने लगभग 500 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान

की। उन्होंने 12 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री और 43 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से अलंकृत किया।

इस मौके पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि ग्रामीण परिवेश के छात्रों के लिए सफलता के मापदंड ज्यादा सख्त होते है।

===========

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कई महत्वपूर्ण सकारात्मक बिंदु है। लेकिन इसके कुछ नकारात्मक पक्ष भी है। इसलिए इसका प्रयोग न्यायाधीशों द्वारा फैसले देने में नहीं किया जा रहा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत भिवानी के चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी डिग्रियां बांटने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही।

पत्रकारों के, न्यायालयों में बड़ी संख्या में मामले लंबित रहने के सवाल पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अब ऐसी स्थिति नहीं है तथा आने वाले समय में इसमें और भी सुधार देखने को मिलेगा।

============

जींद ज़िले में गर्भाशय कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी के उन्मूलन के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा HPV टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है । सिविल सर्जन डॉ. सुमन कोहली ने बताया कि सरकार के निर्देशों के तहत चलाए जा रहे इस अभियान के मुख्य उद्देश्य 14 वर्ष से 15 वर्ष 3 माह तक की आयु वर्ग की बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित करना है।

डॉ. कोहली ने माता-पिता और अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें और नजदीकी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर यह टीका अवश्य लगवाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि HPV वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और इसका प्रजनन क्षमता या भविष्य में माँ बनने की क्षमता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है।  इस संबंध में फैल रही भ्रांतियां पूरी तरह से निराधार हैं।

============

देश के विभिन्न हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ने के मद्देनजर मौसम विभाग ने भीषण गर्मी से निपटने के लिए दिशा-निर्देश और परामर्श जारी किए हैं।
मौसम विभाग ने लोगों को लगातार पानी पीते रहने, ढीले ढाले हलके  वस्त्र पहनने और दोपहर में तेज धूप से बचने की सलाह दी है। विभाग ने बच्चों, बुजुर्गों और खुले में काम करने वाले श्रमिकों को विशेष ध्यान रखने का आह्वान किया है।

मौसम विभाग ने कहा है कि पश्चिमोत्तर भारत में इस महीने की 27 तारीख तक अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।
पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और चंडीगढ़ में अगले सात दिन तक गर्मी की स्थिति बनी रहेगी।

===========

हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया को खत्म करने में तेजी लाने के लिए कई नई लक्षित पहल शुरू की हैं, जिसमें गांव और मोहल्ला स्तर पर सूक्ष्म निगरानी, स्रोत का पता लगाना और घनी जोखिम वाली आबादी की निगरानी शामिल है।

आज विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि ये उपाय राज्य भर में मलेरिया के फैलाव को रोकने के लिए, जांच और तुरंत इलाज सुनिश्चित करने के लिए तैयार किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा नियमित की जाने वाली गतिविधियों के अलावा, पिछले साल मलेरिया के मामलों की रिपोर्ट करने वाले सभी गांवों और शहरी इलाकों को कवर करने के लिए एक सघन सूक्ष्म योजना तैयार की गई है। ऐसे इलाकों में स्वास्थ्य टीमें हर महीने घर घर जाकर सर्वे कर रही हैं

==========